नव भारत



प्रथम शैलपुत्री

## शारदीय नवरात्रि आज से शुरू, जानिए शुभ मुहूर्त


**उज्जैन।** शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलेगी. पंडित जय शिव के अनुसार आश्विन शुक्ल प्रतिपदा 22 सितंबर को कलश स्थापना प्रात: छह बजे से दोपहर तक की जा सकती है. अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 33 से 12 बजकर 23 मिनट तक है. कलश स्थापना के लिए अमृत मुहूर्त प्रात: 06 बजे से प्रात: 08 बजे तक, प्रात: 08 :30 से 10 :00 बजे तक है. आश्विन शुक्ल पक्ष में चतुर्थी तिथि की वृद्धि से यह पक्ष 16 दिनों का है. इस बार 10 दिनों की नवरात्रि में पूजा पंडालों में पूजन 29/30 सितंबर को मध्य-रात्रि के बाद किया जाएगा. नवरात्रि में आश्विन शुक्ल चतुर्थी तिथि की वृद्धि है. महानवमी तिथि एक अक्टूबर को दिन में 02 बजकर 37 मिनट तक है.

# आज से जीएसटी बचत उत्सव

**99** प्रतिशत चीजें आम लोगों के लिए होंगी सस्ती | **2017** में सरकार ने लागू किया जीएसटी | **05** और 18 प्रतिशत के सिर्फ दो कर स्लैब

**नयी दिल्ली, 21 सितंबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्र के नाम संबोधन दिया. उन्होंने कहा कि सोमवार से नवरात्रि के साथ जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है. जिसमें 99 प्रतिशत चीजें अब आम लोगों के लिए सस्ती होगी. संबोधन में उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू हो रहे सुधारों को आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि त्योहारों के मौसम में इससे सबका मुंह मीठा होगा।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुधारों से लोगों की बचत बढ़ेगी और वे अपनी पसंद की चीजों को और आसानी से खरीद सकेंगे। इससे देश की आथिर्क वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, कारोबार आसान होगा और निवेश आकर्षक बनेगा। उन्होंने आठ साल पहले लागू किए गए जीएसटी का जिक्र करते हुए कहा कि दशकों तक जनता और व्यापारी सभी अलग-अलग कर के जाल में उलझे हुए थे। एक शहर से दूसरे शहर माल भेजने के लिए ना जाने कितने चेक पोस्ट पार



करने होते थे, कितने फॉर्म भरने होते थे, हर राज्य में अलग-अलग नियम थे। तब ऐसी लाखों कंपनियां, लाखों देशवासियों को अलग-अलग कर चुकाना पड़ता था, उस व्यवस्था से देश को निकालना जरूरी था, इसलिए सरकार ने 2017 में जीएसटी लागू किया। उन्होंने जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों के बारे में कहा कि सुधार एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। देश की वर्तमान जरूरत और नई पीढ़ी के सपनों को देखते हुए नये सुधार लागू किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ दो कर स्लैब रह गए हैं - 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के। 12 प्रतिशत कर वाली 99 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं को अब 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। इससे आम लोगों को काफी राहत मिली है।

### पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन के मुख्य बिन्दु

- आज से नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू
- जीएसटी कम होने से गरीबों को डबल फायदा मिलेगा
- जीएसटी कम होने से एमएसएमई को फायदा होगा
- जीएसटी के पहले एक शहर से दूसरे शहर माल भेजना कठिन था
- जीएसटी रिफॉर्म भारत की ग्रोथ स्टोरी को बढ़ाएंगे
- 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया
- विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा
- गर्व से कहो- मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं
- स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें
- केवल वही खरीदें जिसमें देश का पसीना हो
- रोजमर्रा की चीजें विदेशी हैं, हमें इनसे मुक्ति पानी है
- राज्य सरकारें स्वदेशी के अभियान को गति दें
- देश की समृद्धि को स्वदेशी से शक्ति मिलेगी

### आठ साल में 55 लाख करोड़ ज्यादा कर वसूला : खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि जीएसटी से आठ साल तक लूट मचाने के बाद अब सुधार लागू किए जा रहे है. उन्होंने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद कहा नरेंद्र मोदी जी आपकी सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग नौ स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और आठ साल में 55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर वसूले.



## फिट रहें, नशे से बचें : डॉ. यादव

▸ फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत के तहत नमो युवा रन का आयोजन

**भोपाल 21 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तन और मन की शुचिता के साथ इनका स्वस्थ रहना भी हम सबके लिए बेहद जरूरी है. मनुष्य को पहला सुख निरोगी काया से ही मिलता है, इसलिए हमेशा फिजिकली फिट रहने की कोशिश करें और किसी भी प्रकार के नशे के सेवन से बचें.**

मुख्यमंत्री रविवार की सुबह अटल पथ पर कार्यक्रम में प्रदेश के सभी नागरिकों विशेषतज्ञ युवाओं से यह अपील की. उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया मूवमेंट और नशा मुक्तभारत अभियान के संकल्प पूर्ति एवं जन-जागरुकता के लिए आयोजित नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उन्होंने कहा कि पूरे देश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है. इस पखवाड़े के दौरान नमो युवा रन का आयोजन हम सबको देश की सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है. मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में नमो युवा रन के मोमेंटों (लोगो) का लोकार्पण भी किया. मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने स्वयं स्पोर्ट्स ट्रेक सूट में मैराथन दौड़ में शिरकत कर हजारों की संख्या में नमो युवा रन में शामिल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, हितानंद शर्मा, वैभव पंवार, रविन्द्र यति, रणजीत चौहान, महेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे.

## नए आवेदकों पर लागू होगा एच-1 बी वीजा

**वाशिंगटन, 21 सितंबर (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुन: प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा.**

व्हाइट हाउस ने इस मामले से जुड़े भ्रम और चिंताओं को दूर करने के लिये यह स्पष्टिकरण जारी किया है. व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शुल्क रविवार से सिर्फ नए वीजा आवेदन पर लागू होगा, नवीकरण वीजा और वर्तमान वीजा धारक इसके दायरे से बाहर रखे गए हैं. उन्होंने कहा कि एच-1बी वीजा धारक देश से बाहर जा सकते हैं और पुन: प्रवेश कर सकते हैं, जैसा कि वे सामान्यत: करते आए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ एकमुश्त शुल्क है, जो केवल नए आवेदन पर ही लागू होगा. गौरतलब है कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को अत्यधिक कुशल विदेशी श्रमिकों को नौकरी देने की अनुमति देता है.



## भारत 6 विकेट से जीता

**दुबई.** भारतीय टीम ने एशिया कप 2025 में पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की. टीम ने रविवार रात को दूसरे सुपर-4 मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया. तिलक वर्मा ने चौका मारकर मैच को जिताया. वहीं भारतीय टीम की पारी की बैटिंग की शुरुआत अभिषेक शर्मा ने छक्का मारकर की थी. भारत ने 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया.

(विस्तृत खेल पेज पर)

## आज अमेरिका जाएगा भारतीय दल

▸ पीयूष गोयल के नेतृत्व में होगी व्यापार वार्ता

**नयी दिल्ली 20 सितंबर (वार्ता) वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में भारत का एक प्रतिनिधि मंडल अमेरिका के साथ व्यापार समझौते संबंधी बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अगले सप्ताह के शुरू में वहां जा रहा है.**

यह जानकारी वाणिज्य गुरुदेव मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में दी गई. भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा अमेरिका से आए अधिकारियों के एक दल के साथ नयी दिल्ली में इसी सप्ताह हुई बैठक के तुरंत बाद हो रही है. अमेरिका की टीम ने 16 सितंबर को भारत की यात्रा की थी.







| MODEL | 125 NEON | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 161/-* | ₹8 034/-* | ₹9 274/-* | ₹11 640/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 600/-* | ₹2 900/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹9 761/-* | ₹10 934/-* | ₹12 574/-* | ₹15 840/-* |